अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2019–20

समय – 2.30 घं | विषय – हिन्दी | पूर्णांक 80

कक्षा – सप्तम्

नोट– सभी प्रश्न करना अनिवार्य हैं, क्रमानुसार उत्तर लिखें ।

खण्ड "क"

प्र01– निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़ें और पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिये –

जल की तीन अवस्थाऐं होती हैं – ठोस, द्रव और गैस । ये तीनों अवस्थाऐं परस्पर परिवर्तित शील हैं । जल की ठोस अवस्था बर्फ है । बर्फ पिघलने पर तरल बन जाता है और वाष्पीकरण की प्रक्रिया से जलवाष्प में बदल जाता है। जलवाष्प का अधिकतर भाग महासागरों, नदियों, झीलों, हिमक्षेत्रों तथा हिमनदियों से प्राप्त होता है, जो कुल जलवाष्प का 75 प्रतिशत तक होता है। वास्तव में महासागरों का धरातल वायुमण्डलीय जलवाष्प का सबसे बड़ा स्रोत है। पवन तथा अन्य वायुमण्डलीय संचरण इस जलवाष्प को एक स्थान से दूसरे स्थान की ओर ले जाता है। अनुकूल परिस्थितियों पाकर यही जलवाष्प बूँदों में बदल जाती है। और वर्षा, बर्फ, ओले आदि के रूप में पृथ्वी पर गिरकर पुनः पानी का रूप ले लेती है। यही पानी महासागर से या सीधे फिर से वायुमण्डल में पहुँच जाता है। इस प्रकार यह अनवरत् चलने वाली प्रक्रिया है।

प्रश्न

1. बर्फ पानी की किस अवस्था को कहते हैं ? 2
2. जलवाष्प का 75 प्रतिशत तक हमें कहाँ से प्राप्त होता है। 2
3. जलवाष्प को एक स्थान से दूसरे स्थान तक कौन ले जाता है। 2
4. जलवाष्प का बदला हुआ रूप कौन सा है ? 1
5. अनवरत शब्द का पर्याय क्या होगा ? 1

प्र02. नीचे दिये गये अपठित काव्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिये –

वह पावस का प्रथम दिवस जब
पहली बूँद धरा पर आई ।
अंकुर फूट पड़ा धरती से
नव जीवन की ले अंगड़ाई ।
धरती के सूखे अधरों पर,
बूँद गिरी अमृत सी आकर ।
वसुंधरा की रोमावलि सी
हरी दूब पुलकी मुस्काई
पहली बूँद धरा पर आई ।
आसमान में उडता सागर
लगा बिजलियों के स्वर्णिम पर



Scanned by CamScanner

बजा नगाड़े जगा रहा है,
बादल धरती की तरूणाई ।
पहली बूँद धरा पर आई ।

प्रश्न –

1. काव्यांश में किस ऋतु का वर्णन किया गया है ? 2
2. धरती पर आई बूँद की तुलना किससे की गई है ? 2
3. धरती की रोमावलि किसे कहा गया है ? 1
4. आसमान में उड़ते बादलों ने किसके पंख लगा रखे हैं ? 1
5. आसमान शब्द का पर्यायवाची शब्द क्या है ? 1

**खण्ड 'ख'**

3.(क) **स्वर्ण श्रंखला और लाल किरण सी में रंखांकित शब्द गुणवाचक विशेषण है। नीचे दिये गये शब्दों में विशेषण जोड़िये –** 2

1. कनक ..........................
2. कटुक ...............................

(ख) **निम्नलिखित शब्दों में विशेषण छॉटों –** 2

1. महान पिता
2. बूढ़ा हिमालय

(ग) **विशेषण और विशेष्य संज्ञा का मिलान कीजिए–**

| **विशेषण** | **विशेष्य** |
|---|---|
| 1. संभ्रात | वर्षा |
| 2. चंचल | ऑगन |
| 3. समतल | नदिया |
| 4. मूसलाधार | महिला |

(घ) **निम्नलिखित मुहावरो का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग करो:–**

1. भानुमति का पिटारा
2. पेट में चूहे दौडना

(ङ) **निम्नलिखित शब्दों का अर्थ लिखकर वाक्य प्रयोग करो–:**

1. मृदुल
2. हर्ष

(च) **उदाहरण देखकर नए शब्द बनाओ–:**

नगर इक नागरिक

1. धर्म
2. **समाज**



Scanned by CamScanner

(छ) निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाओ–:

1. ठीक– ठीक 2. घड़ी–घड़ी

(झ) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखो–:

1. प्रकाश 2.राह 3.स्वप्न 4.नग

खण्ड–ग

निम्नलिखित गद्यांश को पढकर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखों।

"प्यारी चिडिया पगली मत बनो। देखो चारो तरफ कैसी बहार है। देखों वह पानी खेल रहा है। उधर गुलाब हँस रहा है। भीतर महल में चलो, जाने क्या क्या न पाओगी। मेरा दिल बीरान है। वहाँ कब हँसी सुनने को मिलती है। मेरे पास बहुत सा सोना मोती है। सोने का एक बहुत सुन्दर घर मैं तुम्हें बना दूंगा, मोतियों की झालर उसमें लटकेगी।

(क) उपर्युक्त गद्यांश पाठ तथा लेखक का नाम बताओं ?

(ख) किस बात से पता चलता है कि माधवदास बहुत अमीर हैं ?

(ग) किन पंक्तियों से पता चलता है कि माधवदास दुखी हैं ?

(घ) सेठ चिड़िया को क्या बनाकर देने का वादा कर रहा हैं ?

(ड़) प्यारी चिड़िया में रेखांकित शब्द व्याकरण की दृष्टि से क्या हैं ?

क. निम्नलिखित में से किन्ही चार प्रश्नों के उत्तर लिखो–:

क. दादा की मृत्यु के बाद लेखक के घर की आर्थिक स्थिति खराब क्यों हो गई थी ?

ख. काका कालेलकर ने नदियों को लोकमाता क्यों कहा है ?

ग. मिठाइ वाले में वे कौन से गुण थे जिनकी वजह से बच्चे तो बच्चे बड़े भी उसकी ओर खिचे चले आते थे ?

घ. यासुकी यान को अपने पेड़ पर चढाने के लिए तोतो चान ने अथक प्रयास क्यों किया ?

ड़ माधव दास क्यों बार–बार चिड़िया से कहता है कि यह बगीचा तुम्हारा ही हैं ?

ख. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो–:

आकाश का साफा बाँधकर
सूरज की चिलम खीचता
बैठा है पहाड़
घुटनों पर पड़ी हैं नदी चादर सी,
पास ही दहक रही हैं
पलाश के जंगल की अँगीठी
अँधकार दूर पूर्व में
सिमटा बैठा हैं भेड़ो के गल्ले –सा।

1. प्रस्तुत काव्यांश के कवि और कविता का नाम लिखो।
2. काव्यांश में पहाड़ को किसके रूप में चित्रित किया गया हैं ?
3. सूरज को किसका रूपक दिया गया हैं ।
4. अँधकार को किसके समान बताया हैं ?



Scanned by CamScanner

घ. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखो–:

1. पक्षी उन्मुक्त रहकर अपनी कौन–कौन सी इच्छाएँ पूरी करना चाहते हैं ?
2. कठपुतली को गुस्सा क्यों आया ?
3. हर तरह की सुख सुविधाएँ पाकर भी पक्षी पिंजरे में बंद क्यों नहीं रहना चाहते हैं ?
4. पहली कठपुतली की बात दूसरी कठपुतली को क्यों अच्छी लगी ?
5. शाम के समय पक्षी, फलवाले, किसान, बच्चे , खिलाड़ी , पिताजी क्या करते हैं ?
6.

ङ. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर बाल महा भारत के आधार पर –:

1. राजा शांतनु कहाँ के राजा थे ? उन्होंने किस युवती के समक्ष विवाह का प्रस्ताव रखा ?
2. विचित्रवीर्य की कितनी रानीयों थी ? उनके नाम बताओ ?
3. धृतराष्ट्र के कितने पुत्र थे ? उनके सबसे बड़े पुत्र का क्या नाम था ?
4. पांडवो ने इंद्रप्रस्थ के कितने वर्ष राज्य किया ?
5.

ढ. किसी एक पर संवाद लेखे लिखो–:

1. कलम का कॉपी से संवाद
2. चाकू का सेब से संवाद।
3.

च. प्रधानाचार्य को दो–दिन के अवकाश हेतु प्रार्थना पत्र लिखो–:

अथवा

अपने जन्मदिन का निमंत्रण देते हुए मित्र को पत्र लिखो–:

छ. किसी एक विषय पर निबन्ध लिखो–:

1. स्वच्छता अभियान
2. स्वतंत्रता का महत्व
3 दीपावली।

***********



Scanned by CamScanner